महत्वपूर्ण एवं खास

नागलोक में जहरीले सांपों का प्रकोप, एक महिला की मौत

जशपुर (आरएनएस)। जशपुर जिले के कुछ इलाके नागलोक के नाम से भी जाने जाते हैं। खासतौर पर फरसाबहार क्षेत्र। बारिश का मौसम आते ही जशपुर जिले में जहरीले सांपों से जान का खतरा बढ़ गया है। अब यहां सर्पदंश की घटनाएँ शुरू हो गई है। दरअसल पंडरापाठ चौकी के नवापारा में पहाड़ी कोरवा एक महिला की सांप के काटने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि घर का ताला खोलने के दौरान हादसा हुआ। घटना के बाद परिजनों ने महिला को काटने वाले सांप को पकड़ा है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बैकुंठपुर के प्रेमा बाग स्थित भगवान शिव के प्राचीन मंदिर पहुंचे

० यहां उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली की प्रार्थना की

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बैकुंठपुर के प्रेमा बाग स्थित भगवान शिव के प्राचीन मंदिर पहुंचे, यहां उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली की प्रार्थना की। मंदिर के पुजारी प्रहलाद मिश्रा ने बताया कि यह अति प्राचीन मंदिर है, जिसे सन 1921 में तत्कालीन महाराजा के दीवान ने अपनी पत्नी श्रीमती प्रेमा देवी की स्मृति में बनवाया था। प्रत्येक सोमवार को भक्तों के द्वारा यहां विशेष पूजा आराधना की जाती है। प्रेमा देवी की स्मृति में यहां प्रेमा बाग भी अवस्थित है। इसी परिसर में हनुमान मंदिर भी नगरवासियों की आस्था का केंद्र है।

रेल कॉरिडोर और फोरलेन सडक़ के मुआवजा वितरण में हो रही कमीशनखोरी : ननकीराम कंवर

कोरबा (आरएनएस)। जिले के रामपुर क्षेत्र से विधायक ननकीराम कंवर ने रेल कॉरिडोर और फोरलेन सडक़ के मुआवजा वितरण में कमीशनखोरी का आरोप लगाया है। विधायक कंवर ने कहा है कि जिले में रेल कॉरिडोर और फोरलेन सडक़ के लिए भूमि का अधिग्रहण किया गया है। अधिग्रहित भूमि के मुआवजा की राशि भू अर्जन अधिकारी के बैंक खाते में आ चुकी है। वर्तमान में मुआवजा का वितरण किया जा रहा है। विधायक कंवर ने इसी मुआवजा वितरण में कमीशनखोरी का आरोप लगाया है। विधायक कंवर ने कहा है कि किसानों से मुआवजा भुगतान के एवज में दस प्रतिशत राशि बतौर कमीशन ली जा रही है। उन्होंने बताया है कि जिन लोगों से कमीशन मिल रहा है उनके खाते में मुआवजा की राशि जमा कर दी जाती है। परन्तु जिन किसानों का कमीशन नहीं मिल रहा है उनका मुआवजा का भुगतान नहीं किया जा रहा है। उन्होंने राज्य शासन से मामले में संज्ञान लेकर सम्पूर्ण मुआवजा का तत्काल भुगतान करने और कमीशनखोरी की जांच कर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। इन्होंने बताया कि वे मामले की शिकायत केन्द्र सरकार से भी कर रहे हैं।

चूल्हा चौका करने वाले हाथ अब घरों को रोशन करने में जुटे हैं

रायपुर (आरएनएस)। कभी घर की चारदीवारी में चूल्हा चौका करने वाले हाथ इन दोनों एलईडी बल्ब बना रहे हैं, जिनसे लोगों के घर रोशनी हो रही है। अपनी कार्यकुशलता से ये महिलाएं एलईडी बल्ब सहजता से असेम्बल कर रही है। महज 10 दिनों के प्रशिक्षण में इन्होंने एलईडी बल्ब असेंबल करना सीख गईं हैं। शिवकुमारी और मीना कुमारी इसे बखूबी बना रही हैं। इन्होंने मुख्यमंत्री को अपने हाथों से असेम्बल की हुई बल्ब जलाकर दिखाई। मुख्यमंत्री ने कहा इसी तरह जीवन में उजाला भरते रहो।

प्रदेश में त्रि-स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन शांतिपूर्ण सम्पन्न... 117 पदों के लिए हुआ 69.32 प्रतिशत मतदान

- कोई भी केन्द्र में पुनर्मतदान की स्थिति नहीं
- सभी मतदान केन्द्रों में मतगणना का कार्य पूर्ण
- महिलाओं और दिव्यांगों ने बढ़ चढक़र किया मतदान

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश में त्रि-स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के 117 पदों के लिए हुए उप निर्वाचन शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न हो गए हैं। किसी भी मतदान केन्द्रों में पुनर्मतदान की स्थिति नहीं बनी है। सभी मतदान केन्द्रों में मतगणना का कार्य भी आज ही पूर्ण कर लिया गया है। सभी 244 मतदान केन्द्रों से मतदान दलों की सुरक्षित वापिस हो गई है। उल्लेखनीय है कि पंचायत उप निर्वाचन अंतर्गत राज्य के 21 जिलों में पंच, सरपंच और जनपद पंचायत सदस्य के 117 पदों के लिए सफलता पूर्वक मतदान सम्पन्न हुआ। इनमें जनपद सदस्य के लिए 3, सरपंच के 62 और पंच के 52 पदों पर निवार्चन हुआ। इन पदों के लिए आज हुए मतदान में दोपहर 3 बजे तक औसत 69.32 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान में महिलाओं, दिव्यांगों, तथा तृतीय समुदाय के मतदाताओं ने भी बढ़ चढक़र हिस्सा लिया।

उप निर्वाचन में महिलाओं दिव्यांगों और तृतीय लिंग समुदाय के मतदाताओं ने भी मतदान में बढ़ चढक़र हिस्सा लिया।

आज सम्पन्न हुए पंचायत उप निर्वाचन में 70.75 प्रतिशत पुरुष मतदाता और 67.99 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। गरियाबंद जिले में सर्वाधिक 82.49 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किए हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान प्रात: 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक निर्धारित की गई थी। प्रदेश में त्रि-स्तरीय पंचायत उप-निर्वाचन के लिए कुल मतदाताओं की संख्या 106543 थे। इनमें 53393 पुरुष मतदाता और 53147 महिला मतदाताएं तथा तीन तृतीय लिंग समुदाय के मतदाता शामिल है।

गौरतलब है कि त्रिस्तरीय उप निर्वाचन के लिए रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी, सेक्टर ऑफिसर और सेक्टर मजिस्ट्रेट के लगभग 240 अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। वहीं 244 मतदान केंद्र बनाए गए थे। सुगतापूर्वक मतदान कराने के लिए लगभग 1500 मतदान कर्मी नियुक्त किये गए थे। इनमें प्रत्येक मतदान केंद्र में 5 मतदान कर्मी, जिसमें एक पीठासीन अधिकारी, तीन मतदान अधिकारी और एक सुरक्षाकर्मी शामिल थे।

राज्य निर्वाचन आयुक्त ठाकुर राम सिंह ने बताया कि पंचायत उप निर्वाचन के तहत विभिन्न जिलों में दोपहर 3 बजे तक मतदान का प्रतिशत इस प्रकार है- बिलासपुर-74.99 प्रतिशत, मुंगेली-55.54 प्रतिशत, जांजगीर-चांपा-57.57 प्रतिशत, रायगढ़ 72.08 प्रतिशत, बलरामपुर-76.3 प्रतिशत, सूरजपुर-81.51 प्रतिशत, जशपुर-61.50 प्रतिशत, कोरिया-70.33 प्रतिशत, रायपुर-64.88 प्रतिशत, महासमुंद-67.41 प्रतिशत, धमतरी-82.43 प्रतिशत, गरियाबंद-82.49 प्रतिशत, बलौदाबाजार-भाटापारा-65.15 प्रतिशत, दुर्ग 69.61 प्रतिशत, बालोद-76.07 प्रतिशत, बेमेतरा-68.98 प्रतिशत, राजनांदगांव-79.71 प्रतिशत, कबीरधाम- 69.53 प्रतिशत, बस्तर-72.39 प्रतिशत, कोंडागांव-43.63 प्रतिशत तथा बीजापुर जिले में 63.61 प्रतिशत मतदाताओं ने अपना मताधिकार का प्रयोग किया।

छत्तीसगढ़ के सभी नगरीय निकायों में विकसित किए जा रहे कृष्ण कुंज : परंपरागत सांस्कृतिक महत्व के जीवनोपयोगी पौधों का होगा रोपण

- मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप अगस्त महीने में होगा 'कृष्ण कुंज' का होगा लोकार्पण

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के नगरीय क्षेत्रों में वृक्षारोपण कर 'कृष्ण कुंज' विकसित करने के लिए आगामी अगस्त माह में निर्धारित तिथि को एक साथ 'कृष्ण कुंज' का लोकार्पण किया जाएगा। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा राज्य के नगरीय क्षेत्रों में वृक्षारोपण कर 'कृष्ण कुंज' विकसित करने के संबंध में घोषणा की गई है।

इस तारतम्य में अपर मुख्य सचिव वन एवं जलवायु परिवर्तन सुब्रत साहू द्वारा राज्य के समस्त कलेक्टर तथा वनमंडलाधिकारी को पत्र भेजकर नगरीय निकायों में माह अगस्त में 'कृष्ण कुंज' के लोकार्पण के लिए सभी आवश्यक तैयारियों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने निर्देशित किया है कि 'कृष्ण कुंज' की स्थापना हेतु स्वीकृति सहित आवश्यक कार्यवाही माह अगस्त के प्रथम सप्ताह तक हर हालत में पूर्ण कर ली जाए। पत्र में यह भी अवगत कराया गया है कि राज्य में एकरूपता प्रदर्शित करने हेतु 'कृष्ण कुंज' को विशिष्ट पहचान दिलाने के लिए प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वनबल प्रमुख कार्यालय द्वारा लोगों एवं गेट का डिजाईन पृथक से भेजा जाएगा। इनमें फैंसिंग सहित बजट उपलब्धता के आधार पर स्थानीय संस्कृति को बाउंड्रीवाल प्रदर्शित करने के लिए भी आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री श्री बघेल द्वारा 'कृष्ण कुंज' को विकसित करने के संबंध में घोषणा की गई है कि हमारे देश में बरगद, पीपल, कदंब तथा अन्य वृक्षों की पूजा करने की परंपरा अत्यंत प्राचीन है। मनुष्य के लिए वृक्षों की अत्यधिक उपयोगिता होने के कारण ही हमारी परंपराओं में इन्हें महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है, परंतु विगत वर्षों में नगरीय क्षेत्रों का तीव्र विकास होने के कारण वृक्षों की हो रही अंधाधुंध कटाई से वृक्षों का अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया है। अगर यही स्थिति जारी रही तो कदाचित भावी पीढ़ियों को इन वृक्षों के परंपरागत महत्व के बारे में जानकारी तक नहीं हो सकेगी। इसलिए वृक्षों की अमूल्य विरासत का संरक्षण हम सबका परम कर्तव्य है। यह अत्यंत आवश्यक है कि मनुष्य के लिए जितने भी जीवनपयोगी वृक्ष हैं, उन्हें सभी नगरीय क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर लगाया एवं संरक्षित किया जाए। छत्तीसगढ़ के समस्त नगरीय निकायों में न्यूनतम एक एकड़ की भूमि में सांस्कृतिक महत्व के जीवन उपयोगी वृक्षों का रोपण करते हुए 'कृष्ण कुंज' विकसित किया जाएगा। इनमें आम, ईमली, गंगा ईमली, जामुन, बेर, गंगा बेर, शहतूत, तेंदू, चार, अनार, गूलर कैथा, कदम्ब, पीपल, नीम, बरगद, बबूल, पलाश अमरूद, सीताफल, बेल तथा आंवला प्रजाति के पौधे को रोपण हेतु शामिल किया गया है। यह भी निर्देशित किया गया है कि 30 जून तक समस्त पौधे चयनित रोपण क्षेत्रों पर पहुंच जानी चाहिए और रोपण कार्य वर्षा के आधार पर शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कर लिया जाए।

जिस पर था हिफाजत का जिम्मा, वही निकला चोर

रायपुर (आरएनएस)। गोदाम से दवाई के कार्टून चोरी करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक प्रार्थी रतनदीप सिंह भाटिया ने मंगलवार को शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी कुशल सोनी सिक्युरीटी गार्ड की नौकरी करता है जिसे संस्थान की सुरक्षा के लिए चाबी सुपुर्द की गई थी। प्रार्थी रतनदीप सिंह भाटिया मंगलवार सुबह अपनी दुकान आकर दवाईयों का वितरण करने लगा तब पता चला कि सर्दी खासी की दवाई चेस्टन कोल्ड टेबलेट की एक कार्टून एवं जीफी 50 ड्राई सीरप 30 एमएल वाला चोरी चला गया था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। गोडाउन में लगे सीसीटीव्ही कैमरे के फूटेज का अवलोकन करने पर आरोपी कुशल सोनी पिता राकेश कुमार सोनी द्वारा दो कार्टून को उठाकर चोरी कर बाहर ले जाते दिखाई दिया। आरोपी कुशल सोनी को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ पर चोरी में सहयोग करने वाले अपने साथी राकेश कुमार परमार को शामिल होना बताया गया। चोरी की गई दवाई को गोडाउन के छत में छिपाकर रखना स्वीकार किया गया। आरोपी कुशल सोनी एवं राकेश कुमार परमार से 43153/रुपये कीमती दवा बरामद की गई। आरोपी कुशल सोनी एवं राकेश कुमार परमार को विधिवत गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

नक्सलियों ने ग्राम पंचायत मोरमेड के सरपंच की गला घोटकर कर की हत्या

बीजापुर (आरएनएस)। जिले के तोयनार थाना क्षेत्र के ग्राम मोरमेड मे कल देर शाम नक्सलियों ने अपनी तालीबानी सत्ता के वजूद को बनाये रखने के लिए एक बार फिर से ग्राम पंचायत मोरमेड के सरपंच प्रतिराम कुडियम की गला घोटकर हत्या कर दी है। मिली जानकारी केअनुसार नक्सली मृतक के परिवार के सदस्यों को अपना निशाना बनाते रहे हैं, इससे पहले भी परिवार के 02 सदस्यों को नक्सलियों ने मुखबिरी का आरोप लगाते हुए मौत के घाट उतार दिया था। सरपंच की नक्सलियों द्वारा हत्या किये जाने की पुष्टि बीजापुर एसपी सुनील शर्मा ने किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मोरमेड मे कल देर शाम ग्रामीण वेशभूषा में नक्सलियों का एक ग्रुप गांव पहुंचा और ग्राम पंचायत मोरमेड के सरपंच प्रतिराम कुडियम को अपने साथ अगवा करके जंगल की ओर ले गए जिसके बाद नक्सलियों ने सरपंच की गला घोटकर उसकी निर्मम हत्या कर नक्सली जंगल की ओर फरार हो गए। हत्या की सूचना मिलने के बाद परिजन व ग्रामीण घटनास्थल पहुंचे और मृतक के शव को अपने साथ वापस गांव ले आए। ग्रामीणों द्वारा इस नक्सली हत्या की जानकारी पुलिस को भी दिया गया है। सूचना पर पुलिस घटनास्थल पंहुचकर मृतक सरपंच प्रतिराम कुडियम का शव बरामद कर कार्यवाही उपरांत आज सुबह थाना तोयनार लाया गया है, शव के पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया जायेगा।

अंबिकापुर-बिलासपुर मार्ग पर हुआ जबरदस्त सड़क हादसा, एक ही परिवार के दो सदस्यों की मौत

- भिलाई के बबीना बार यादव परिवार के हैं दो सदस्य,तीन गम्भीर

भिलाई/बिलासपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में हुए एक दर्दनाक सडक़ हादसे में एक ही परिवार के 2 सदस्यों की मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं जिनका इलाज अस्पताल में दाखिल करवाया जा रहा है मिली जानकारी के अनुसार भिलाई के सुपेला चौक स्थित बबीना बार संचालक स्व श्यामा यादव का परिवार गोरखपुर गए हुए थे। वे कार से वापसी कर रहे थे तभी ये घटना घटित हुई ।कार में पांच लोग सवार थे। तारा बेरियर से 200 मीटर आगे बिलासपुर रोड में क्विड कार और ट्रक में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। टक्कर इतना भयानक था कि कार के परखच्चे उड़ गए। इस भीषण हादसे में सभापति यादव उम्र लगभग 56 वर्ष तथा हरेन्द्र यादव उम्र 57 वर्ष की घटना स्थल पर ही

मौत हो गई। वहीं तीन घायल राजेन्द्र प्रसाद यादव उम्र 70 वर्ष, राकेश यादव उम्र 45 वर्ष व विरेन्द्र यादव उम्र लगभग 65 वर्ष को सीएचसी उदयपुर उपचार हेतु भेजा गया जिसे अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि घायलों में राजेन्द्र प्रसाद यादव की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। सूचना मिलते ही भिलाई से परिवार के दूसरे सदस्य अम्बिकापुर के लिए रवाना हो गए है। गंभीर अवस्था में घायल राजेन्द्र प्रसाद यादव के पुत्र अजय यादव जो गुजरात में रहते हैं उन्हें भी सूचना दे दी गई है। घटना के बाद यादव परिवार में मातम छाया हुआ है

दुर्ग रायपुर में बढ़े कोरोना के मामले, नई गाइडलाइन हुई जारी

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण के मामले में तेजी से बढऩे लगे हैं. बीते 24 घंटे में 125 नए केस प्रदेशभर में सामने आए हैं. कोरोना मरीजों की लगातार बढ़ रही संख्या को देखते हुए प्रदेश में कोविड की नई गाइडलाइन जारी कर दी गई है।

अब नई गाइड लाइन के पालन करवाने के लिए प्रशासन को सख्त निर्देश दिए गए हैं. राज्य में पिछले पांच दिन में पांच सौ से ज्यादा कोरोना के नए केस सामने आए हैं. बताया जा रहा है कि दूसरे राज्य से आने वाले लोगों

में संक्रमण ज्यादा है. आम लोग भी ढिलाई बरतने लगे हैं. इसके चक्कर में कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं।

राज्य सरकार द्वारा 27 जून को जारी कोरोना बुलेटिन के मुताबिक छत्तीसगढ़ में पिछले 24 घंटे में संक्रमण के 125 नए मामले सामने आए हैं. इसमें सबसे ज्यादा केस दुर्ग में हैं. दुर्ग में एक दिन में 28 नए संक्रमित लोगों की पहचान की गई है. इसके बाद दूसरे नंबर पर राजधानी रायपुर है. यहां 26 नए केस सामने आए हैं. इसके अलावा बेमेतरा और सरगुजा में 9-9 और बिलासपुर में संक्रमण के 8 नए केस मिले हैं. इसमें से ज्यादा तर का होम आइसोलेशन में ही इलाज चल रहा है. राहत की बात है कि पिछले 24 घंटे में कोरोना से एक भी संक्रमित की मौत नहीं हुई है. प्रदेश में कोरोना के एक्टिव मरीजों की संख्या 757 है।

कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कोविड की नई गाइड लाइन जारी की गई है. इसके तहत हवाई अड्डों, रेलवे स्टेशन व सडक़ मार्ग वाले राज्य की सीमा पर चेक पोस्ट लगाए जाएंगे. इन चेकपोस्ट पर दूसरे राज्य से आने वाले यात्रियों की कोविड की जांच की जाएगी. राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन ने इस संबंध में आदेश जारी किया है. कोविड के बढ़ते मामलों को लेकर स्वास्थ्य विभाग व प्रशासन को भी अलर्ट रहने कहा गया है. इसको लेकर समस्त संभाग आयुक्त, जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षकों को आदेश जारी किया गया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 ती.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ताकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

शासकीय कार्यालयों में हितग्राहियों के काम आसानी से हों : मुख्यमंत्री

- कार्यालय में हो सकारात्मक वातावरण
- अधिकारी-कर्मचारी शासन तंत्र का अभिन्न अंग
- अधिकारियों-कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित करने लागू की गई पुरानी पेंशन योजना
- मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज बैकुंठपुर के सर्किट हाउस में आयोजित समीक्षा बैठक में कहा कि शासकीय कार्यालयों में हितग्राहियों का काम आसानी से होना चाहिए। इसके लिए कार्यालयों में सकारात्मक वातावरण बनना चाहिए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करें, जाति प्रमाण पत्र के कार्य नियमित रूप से हों। उपजातियों को भी प्रमाणपत्र मिलना चाहिए। तेंदूपत्ता का बोनस और पारिश्रमिक वितरण त्वरित रूप से किया जाना सुनिश्चित करें, जंगली जानवर हमले में क्षतिपूर्ति के मुआवजा के प्रकरण लंबित न रहें। मुख्यमंत्री ने जिले के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में शासकीय योजनाओं की प्रगति और क्रियान्वयन तथा आम जनता से संबंधित कार्यों की समीक्षा की। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत, संसदीय सचिव अम्बिका सिंहदेव एवं विधायक गुलाब कमरो और मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि अधिकारी-कर्मचारी शासन तंत्र का अभिन्न अंग हैं। राज्य सरकार द्वारा पुरानी पेंशन योजना लागू करने का निर्णय लिया गया है, ताकि अधिकारियों- कर्मचारियों का भविष्य सुनिश्चित हो। उन्होंने अधिकारियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि भेंट-मुलाकात के दौरान कल का बहुत अच्छा फीडबैक है। आप सभी बहुत अच्छा काम कर रहे हैं, ऐसे ही बेहतर कार्य करते रहें। वन अधिकार पत्र का अच्छा कार्य हुआ है। व्यक्ति का विकास हमारी नीतियों और कार्यों के केंद्र में है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी विभागीय दौरों के दौरान आम जनता से संवाद बना के रखें। राशन कार्ड के प्रकार और पात्रता बताने जागरूकता अभियान चलाएं। राशन कार्ड में परिवार के सभी सदस्यों के नाम होना सुनिश्चित करें, कोई भी सदस्य न छूटे नहीं, बहरासी में महिला ने नाम दर्ज न होने शिकायत की थी। विद्युत कनेक्शन जहां सम्भव हो वहां पहुंचाएं। क्रेडा के अधिकारी सोलर लाइट के कार्य का प्रचार प्रसार करें। हाफ बिजली बिल योजना का क्रियान्वयन सौ प्रतिशत सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के अस्थायी जाति प्रमाण पत्र बनाए गए है, उन्हें समय-सीमा में स्थायी जाति प्रमाण पत्र जारी करें, वैध उत्तराधिकारी को प्रमाण पत्र उपलब्ध कराएं, स्कूल में अभियान चला कर आठवीं के ऊपर की कक्षाओं के विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना शत् प्रतिशत सुनिश्चित करें।